श्री र. कं. प. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

आनन्दम


एक दिवसीय कार्यक्रम प्रतिवेदन
(प्रभारी डॉ अलका पारीक)

दि. 25.2. 2021 को आनंदम एवं आई. क्यू .ए. सी के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राजस्थान सरकार उच्च तकनीकी व संस्कृत शिक्षा विभाग की शासन सचिव शुचि शर्मा ने स्टाफ  एंव विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये जिज्ञासु विद्यार्थियों व ज्ञान संपन्न संकाय सदस्यों के योगदान का कारगर होना है । उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों के लिए आनंदम योजना 2020 में प्रारंभ कर पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है ।  आनंदम पूर्णतया छात्र वर्ग में सामाजिक सहायता प्रसन्नता एवं सकारात्मकता के संस्कार को पुनः स्थापित करने की दिशा में एक प्रयास है । यह एक प्रायोगिक विषय है जो पूरी तरह से देने और साझा करने की खुशी पर आधारित है । यह न केवल छात्रों को व्यक्तिगत, सामाजिक, नैतिक, शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास के लिए बहुत प्रभावी साबित होगा, बल्कि उनमें नेतृत्व गुणों को निखारेगा जिससे उनकी कैरियर संभावनाएं और प्रबल होंगी एवं स्वस्थ व प्रसन्न मानसिकता का समाज विकसित होगा।
कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि को एन.सी.सी के कैडेट्स ने एस्कॉर्ट करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं प्राचार्य डॉ एस आर डागा के स्वागत उद्बोधन से हुआ ।आनंदम प्रभारी डॉ अलका पारीक एवं आइ क्यू एसी प्रभारी डॉ गीता ने पुष्प भेंट कर मैडम का स्वागत किया ।संचालन डॉ पी.एस बुनकर ने किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे ।

प्रभारी
डॉ अलका पारीक
25/2/2021




IQAC AND ANANDAM
FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME
KEYNOTE SPEAKER:
Smt. SHUCHI SHARMA
SECRETARY, HIGHER AND TECHNICAL
EDUCATION DEPTT. GOVT. OF RAJASTHAN







# Media Coverage

कसाणा, अर्पित काबरा सहित अन्य मौजूद थे।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**मदनगंज किशनगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को आईक्यूएसी व आनंदम के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उच्च तकनीकी व संस्कृत शिक्षा विभाग की शासन सचिव शुचि शर्मा शामिल हुई। शुचि शर्मा ने विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों से कहा कि वर्तमान परीपेक्ष्य में उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए जिज्ञासु विद्यार्थियों का व ज्ञान संपन्न संकाय सदस्यों का योगदान ही कारगर होगा। कार्यक्रम में प्राचार्य शिवरतन डागा, संजय चौधरी, गीता शर्मा, एसएन मीणा, अलका पारीक, सीताराम चौधरी, सुनील शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

0.00 KB/S VoLTE 4G 70%



किशनगढ़। रकंपा में फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम को संबोधित करते वक्ता। -योगेश पुरोहित



किशनगढ़। कैडेट्स को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। -योगेश पुरोहित

## फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम: उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार जरूरी

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़

रकंपा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी एवं आनन्दम् के संयुक्त तत्वावधान में फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता राजस्थान सरकार उच्च तकनीकी व संस्कृत शिक्षा विभाग की शासन सचिव शुचि शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए जिज्ञासु विद्यार्थियों व ज्ञान सम्पन्न संकाय सदस्यों के योगदान का कारगर होना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार ने उच्च शिक्षा मे विद्यार्थियों के लिए आनन्दम् योजना 2020में प्रारंभ कर पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया। शर्मा ने कहा कि आनन्दम् से प्राणी मात्र के लिए मैत्री, करूणा, सहृदयता का सृजन करना ही आनन्द है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों को समाज से जुड़कर संवाद करने समाज की समस्याओं को समझने एवं सुलझाने के लिए उत्साहित कर उनका चरित्र निर्माण करना है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं प्राचार्य डॉ. शिवरतन डागा ने स्वागत उद्बोधन से हुआ। दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार की शुचि शर्मा ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस दौरान डॉ. संजय चौधरी, डॉ. गीता शर्मा, डॉ. एस. एन. मीणा, डॉ. अलका पारीक, डॉ. सीताराम चौधरी एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील शर्मा सहित संकाय सदस्य मौजूद थे।एनसीसी अधिकारी डॉ. महेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कैडेट्स ने शुचि शर्मा को एसकोर्ट करते हुए उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन डॉ. पीएस बुनकर ने किया।

### कैडेट्स ने फायरिग का अभ्यास किया

**मदनगंज-किशनगढ़।** रकंपा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तहत गुरुवार को उपयोगी टिप्स दिए गए।

चतुर्थ दिवस बीएचएम सुनील तारडे ने कैडेट्स को पॉइंट 22 राइफल व एसएलआर राइफल के साथ फायरिंग पॉजिशन व फायरिंग के दौरान ध्यान में रखी जाने वाली बातों के बारे में जानकारी दी। कैडेट्स ने स्वयं भी इसका अभ्यास किया। अगले कालांश में नायब सूबेदार देवकरण जाखड़ ने भारतीय थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के आधारभूत ढांचे, उनके पद, कोर, कमांड व भारतीय थल सेना में विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में बताया। महाविद्यालय के सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्रकुमार वर्मा ने आपदा प्रबंधन में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका पर व्याख्यान दिया। साथ ही बेसिक समन्वय संरचना के बारे में बताया। इस दौरान 11 राज बटालियन एनसीसी के सूबेदार प्रतापसिंह, हवलदार मांगूराम, संजयसिंह व राकेश आदि मौजूद थे।



देवली। राजकीय महाविद्यालय में शस्त्र प्रशिक्षण लेते एनसीसी कैडेट्स।-अजय आर्य

### कैडेट्स को दिया शस्त्र प्रशिक्षण

**देवली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को 14 राज बटालियन एनसीसी कोटा मुख्यालय द्वारा एक दिवसीय शस्त्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया प्राचार्य बन्नालाल ने बताया कि सूबेदार गुमान सिंह के निर्देशन में सीएचएम नरेंद्र, हवलदार लाखन सिंह एवं हवलदार अमर सिंह ने एनसीसी की बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा की पूर्व तैयारी के संदर्भ में कैडेट्स को पॉइंट 22 राइफल, डीलक्स राइफल, एसएलआर 556 इंसास राइफल का प्रशिक्षण दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट मनोज कुमार राघव एवं एनसीसी सह प्रभारी पूजा तरूण ने शस्त्रों का सैद्धांतिक व प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। कैडेट्स ने राइफल के विभिन्न भागों को खोलने, जोड़ने, सफाई व रखरखाव के तरीके सीखे।